BHOPAL 1910 HRS

## HEADLINES

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे, वे केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना के शिलान्यास सहित कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल।
- 26 दिसंबर को मनाया जायेगा वीर बाल दिवस, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भी प्रदान किये जाएंगे।
- भोपाल रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ इमरजेंसी मेडिकल रूम।
  और
- अंडर-19 टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा।

प्रधानमंत्री मप्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे। वे यहां पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न स्व.अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री मोदी इस अवसर पर खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करेंगे। साथ ही देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1 हजार 153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि-पूजन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी, पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को दोपहर 12:10 बजे खजुराहो आएंगे और दोपहर 2:20 बजे दिल्ली के लिये रवाना होंगे। कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

यादव और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

## जेपीसी-एक राष्ट्र एक चुनाव

एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों पर संयुक्त संसदीय समिति की पहली बैठक अगले महीने की 8 तारीख को होगी। उनतालीस सदस्यीय समिति में लोकसभा के 27 और राज्यसभा के 12 सदस्य शामिल हैं। समिति अगले संसद सत्र के अंतिम सप्ताह के पहले दिन अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। इन विधेयकों को आधिकारिक तौर पर संविधान (एक सौ उनतीसवां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 नाम दिया गया है।

## राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर राजधानी भोपाल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के माध्यम से वक्ताओं ने उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया। गौरतलब है कि हर साल 24 दिसंबर को भारत में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह महत्वपूर्ण दिन उपभोक्ता अधिकारों और व्यवसायों की अपने ग्राहकों के प्रति जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। 2024 के लिए इस दिन की थीम आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव थी। भोपाल के मानस भवन में आयोजित उपभोक्ता संरक्षण परिषद के समारोह में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के सदस्य एस के सिंह , डॉ मोहन सरकार की मंत्री प्रतिभा बागरी , स्पेशल डीजी शैलेंद्र सिंह , शिव वंशकार आदि मौजूद रहे।

## कुम्भ स्पेशल रतलाम

प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले कुंभ मेले के लिए आईआरसीटीसी मप्र में एक स्पेशल ट्रेन का संचालन करेगा। आईआरसीटीसी के एरिया मैनेजर सुशील पाटिल ने रतलाम में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ पुण्य यात्रा स्पेशल ट्रेन 21 जनवरी को मप्र से चलेगी। 5 रातों और 6 दिन के लिए यात्रा सहित तीन प्रमुख स्थानों पर ठहरने की व्यवस्था के लिए होटल, भोजन, नाश्ता और ट्रेन से प्रमुख स्थान तक लाने-ले जाने के लिए बस, जीप आदि सुविधा शामिल रहेगी।

**इमरजेंसी मेडिकल रूम-भोपाल**

आज भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी द्वारा "इमरजेंसी मेडिकल रूम" का उद्घाटन किया गया। यह सुविधा भोपाल रेल मंडल और अथर्व ज्योति हॉस्पिटल के सहयोग से शुरू की है। इस इमरजेंसी मेडिकल रूम का उद्देश्य यात्रियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित और प्रभावी सहायता दी जा सके। इस इमरजेंसी मेडिकल रूम में यात्रियों को 24x7 विभिन्न चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

**पचमढ़ी महोत्सव'**

नर्मदापुरम जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पचमढ़ी, में 'पचमढ़ी महोत्सव' का आयोजन होगा। यह महोत्सव 26 दिसंबरसे 1 जनवरी तक एक सप्ताह तक मनाया जाएगा, जिसमें साहसिक गतिविधियों से लेकर प्रदेश की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी की जाएंगी। पचमढ़ी महोत्सव के दौरान पर्यटक हेरिटेज और धार्मिक पर्यटन के कार्यक्रम में मुख्य तौर पर हेरिटेज रॉक आर्ट पेंटिंग, हेरिटेज

वॉक और धार्मिक स्थल जैसे चौरागढ़, महादेव मंदिर और अन्य मंदिर की यात्रा भी कर सकेंगे।

**महिला अंडर-19 विश्व कप**

**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड - बीसीसीआई** ने 2025 अंडर-19 टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा की है। निकी प्रसाद टीम की कप्तानी करेंगी। सानिका चालके को उप-कप्तान बनाया गया है। कमलिनी जी और भाविका अहिरे को बतौर विकेट कीपर टीम में शामिल किया गया है। आईसीसी महिला अंडर-19 टी-20 विश्व कप 18 जनवरी को मलेशिया के कुआलालंपुर में शुरू होगा।

**समाचार संक्षेप में....**

1. अशोकनगर जिले में जननी संगिनी संरक्षक अभियान चलाया जा रहा है इसके अंतर्गत **vkt** गर्भवती माताओं को सुरक्षित मातृत्व के लिए सम्पूर्ण स्वास्थ्य एवं सेहत की टोकरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।
2. आगरमालवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के विद्यार्थियों द्वारा गोदग्राम पूरासाहेब नगर में आज ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने  हेतु जागरूकता रैली निकाली गई
3. झाबुआ में कलेक्टर नेहा मीना ने आज जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई में सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।
4. नीमच जिले में सुशासन सप्ताह के तहत किए गए नवाचारो की जानकारियां कलेक्टर हिमांशु चन्द्रा ने गुड़ गवर्नेंस अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में साझा की।
5. अनूपपुर जिले के अमरकंटक में गत रात्रि आग लग जाने से 15 दुकानें जल गई। विधायक फुन्देलाल सिंह ekdks और कलेक्टर हर्षल पंचोली घटनास्थल का जायजा लिया।
6. श्योपुर,  में खेल और युवा कल्याण विभाग, नेहरू युवा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान मे जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन पी.जी. कॉलेज के इण्डोर हॉल एवं सेमिनार हॉल में संपन्न हुआ।

7. कटनी मे मौसम बदल गया है और ठंड बढ़ गई है। आज दिन भर बादल छाए रहे। सर्दी के इस दौर के बीच न्यूनतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

**HEADLINES**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल प्रदेश के प्रवास पर रहेंगे, वे केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना के शिलान्यास सहित कई कार्यक्रमों में होंगे शामिल।
- 26 दिसंबर को मनाया जायेगा वीर बाल दिवस, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भी प्रदान किये जाएंगे।
- भोपाल रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ इमरजेंसी मेडिकल रूम।

  और
- अंडर-19 टी-20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा।